**बिहार विधान परिषद की खाली हो रही 17 सीटों के लिए होने वाले चुनाव कोरोना महामारी के कारण अगले महीने जून में कराये जाने के आसार**

**भारतीय रिजर्व बैंक ने मुम्बई के सीकेपी कोओपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस किया रद्द, कहा बैंक अपने वर्तमान और भविष्य के जमाकर्ताओं को पैसे देने की स्थिति में नहीं है**

**देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 37 हजार के पार, 1218 मौत, 10 हजार लोग ठीक होकर वापस लौटे**

**केंद्र सरकार ने प्राइवेट और सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों को आरोग्य सेतु ऐप को डाउनलोड करना किया अनिवार्य**


युवराज न्यूज़ टुडे
NEWS TODAY Update
RNI:- BIHHIN05409
www.newstodayupdate.in
आपकी आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+03 तिथि : 03 मई 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## बिहार विधान परिषद की खाली हो रही 17 सीटों के लिए होने वाले चुनाव कोरोना महामारी के कारण अगले महीने जून में कराये जाने के आसार



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




कोरोना महामारी के कारण बिहार विधान परिषद की खाली हो रही 17 सीटों के लिए अगले महीने जून में चुनाव कराये जाने के आसार हैं. चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र की विधान परिषद की चुनाव के लिए जो अधिसूचना जारी की है उसके मुताबिक 21 मई को मतों की गिनती के बाद बिहार समेत दूसरे प्रदेशों के चुनाव का रिव्यू होगा. इसमें चुनाव के बारे में निर्णय लिया जायेगा.

बता दें कि आगामी बुधवार को बिहार विधानसभा कोटे की नौ, शिक्षक निर्वाचन कोटे की चार सीटों और स्नातक कोटे की चार सीटों पर निर्वाचित कुल 17 मौजूदा विधान पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो जायेगा . कुल 75 सदस्यीय विधान परिषद में इस माह 29 सीटें खाली हो जायेंगी.

बिहार विधान परिषद की छह मई2020 में रिक्त होनेवाली सीटों में विधानसभा कोटे से निर्वाचित भवन निर्माण मंत्री अशोक कुमार चौधरी और विधान परिषद के कार्यकारी सभापति हारूण रसीद की सीटें भी शामिल हैं. इनके अलावा विधानसभा के माध्यम से निर्वाचित होनेवाले वैसे सदस्य, जिनका कार्यकाल मई, 2020 में पूरा हो रहा है, उसमें कृष्ण कुमार सिंह, संजय प्रकाश, राधा मोहन शर्मा, प्रशांत कुमार शाही (पीके शाही), सतीश कुमार, सोनेलाल मेहता और हीरा प्रसाद बिंद की सीट शामिल हैं.

स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की आठ सीटों पर निर्वाचन

विधान परिषद की आठ सीटों का कार्यकाल भी मई, 2020 में पूरा हो रहा है. इनमें चार निर्वाचन शिक्षक निर्वाचन और चार स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्य शामिल हैं. स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री नीरज कुमार, तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से देवेश चंद्र ठाकुर, दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से दिलीप कुमार चौधरी व कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डा एनके यादव की सीटें शामिल हैं. इसी तरह से शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रो नवल किशोर यादव, तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से संजय कुमार सिंह, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से केदार नाथ पांडेय और दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से मदन मोहन झा का कार्यकाल पूरा हो रहा है.

## देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 40 हजार के पार, 1325 मौत, 10945 लोग ठीक होकर वापस लौटे



सुनील चौधरी,
संवाददाता, नई दिल्ली




लगातार सख्ती बरतने के बाद भी भारत में कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. लॉकडाउन 2.0 का आज अंतिम दिन है. 04 मई से कुछ नयी रियायतों और नियमों के साथ लॉकडाउन 3.0 शुरू होगा जो 17 मई तक होगा. इसी बीच देश भर के कई शहरों में फंसे लोगों को लिए श्रमिक ट्रेन सेवा शुरू हो गई है. झारखंड और बिहार के लोगों का दूसरे राज्यों से आना जारी है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक,देश में कोरोना मरीजों की संख्या 40019 के करीब पहुंच गई है, जबकि कोरोना 1325 लोगों की जान जा चुकी है. 10945 लोग ठीक भी हुए हैं.

### कोरोना के कारण 1325 लोगों की जान जा चुकी है

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक,देश में कोरोना मरीजों की संख्या 40 हजार के करीब पहुंच गई है, जबकि कोरोना के कारण 1325 लोगों की जान जा चुकी है. 10945 लोग ठीक भी हुए हैं.

## केंद्र सरकार ने प्राइवेट और सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों को आरोग्य सेतु ऐप को डाउनलोड करना किया अनिवार्य



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




देश में कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है. इस बीच केंद्र सरकार आरोग्य सेतु ऐप को मोबाइल में डाउनलोड करने के लिए भी लोगों को प्रोत्साहित कर रही है. इस बीच निजी और सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए आरोग्य सेतु ऐप को अनिवार्य कर दिया गया है.

कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में अहम फैसला लेते हुए केंद्र सरकार ने प्राइवेट और सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए आरोग्य सेतु ऐप को अनिवार्य कर दिया है. इन क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों को अपने मोबाइल में आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करना होगा.

सरकार की ओर से कहा गया है कि सरकारी और निजी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के मोबाइल में आरोग्य सेतु ऐप हो, इसकी जिम्मेदारी उस संस्थान के प्रमुख की होगी. सरकार ने कहा है कि संस्थान के प्रमुख की ये जिम्मेदारी है कि वहां काम कर रहे 100 फीसदी कर्मचारियों के मोबाइल में आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड हो.
आरोग्य सेतु ऐप हिंदी और अंग्रेजी सहित 11 भाषाओं में उपलब्ध है. इसमें अपने आसपास के 10 किलोमीटर तक के एरिया की जानकारी ले सकते हैं. इसको डाउनलोड करने के बाद मोबाइल नंबर से इसमें रजिस्टर करना होगा है. इस ऐप के जरिए हम यह जान सकते हैं कि हमारे आसपास कौन और कितने लोग कोरोना संक्रमित हैं.

## भारतीय रिजर्व बैंक ने मुम्बई के सीकेपी कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस किया रद्द, कहा बैंक अपने वर्तमान और भविष्य के जमाकर्ताओं को पैसे देने की स्थिति में नहीं है



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शहर के सीकेपी कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि सहकारी बैंक की वित्तीय स्थिति टिकाऊ नहीं है और बैंक अपने जमाकर्ताओं को पैसे चुकाने की स्थिति में नहीं है। आरबीआई ने बैंक का लाइसेंस रद्द करते हुए कहा कि सहकारी बैंक पूंजी संबंधी न्यूनतम अनिवार्यता को पूरा करने में विफल रहा। सीकेपी कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द किए जाने संबंधी आरबीआइ का फैसला 30 अप्रैल के कामकाजी घंटों के बाद से प्रभावी हो गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि सीकेपी कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द होने के बाद लिक्वेडेशन की कार्यवाही शुरू होने के बाद डीआईसीजीसी एक्ट, 1961 के तहत सहकारी बैंक के जमाकर्ताओं को पैसे लौटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### किसी तरह के लेनदेन पर पाबंदी

केंद्रीय बैंक ने कहा है, ''लाइसेंस रद्द किए जाने के बाद सीकेपी कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, मुम्बई बैंकिंग से जुड़ा किसी तरह का बिजनेस नहीं कर सकती है। लाइसेंस रद्द होने के बाद बैंक जमा राशि को स्वीकार नहीं कर सकता है और ना ही किसी को जमा राशि का भुगतान कर सकता है।''

### पांच लाख रुपये तक की जमा राशि मिलेगी वापस

आरबीआइ ने कहा है कि लिक्विडेशन की कार्यवाही के तहत हर जमाकर्ता को पांच लाख रुपये तक की जमा राशि वापस की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बैंकों के डूबने पर जमाकर्ताओं को पांच लाख रुपये तक की जमा राशि वापस दिए जाने का प्रावधान है। आरबीआइ ने कहा है कि डिपोजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) की ओर से ये रकम लौटायी जाएगी।

### टिकाऊ हालत में नहीं है बैंक की वित्तीय स्थिति

आरबीआइ ने इस बाबत विवरण देते हुए कहा कि सहकारी बैंक की वित्तीय स्थिति काफी प्रतिकूल है और टिकाऊ नहीं है। इसके साथ ही बैंक के पास कोई ठोस पुनरोद्धार योजना या किसी और बैंक के साथ विलय की कोई योजना नहीं है। आरबीआई ने कहा है, ''बैंक अपने वर्तमान और भविष्य के जमाकर्ताओं को पैसे देने की स्थिति में नहीं है।''


NEWS TODAY Update newstodayupdate.in
Web News Portal: www.newstodayupdate.in
न्यूज़ टुडे आपकी आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका
Yuvaraj Media & Entertainment
An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830


## कोरोना वॉरियर्स का अनोखे तरीके से किया गया सम्मान, पटना के कई अस्पतालों पर हुई पुष्पवर्षा



रिंकू गिरी,
संवाददाता




कोरोना महामारी से मुकाबले में त्याग और बलिदान की कथा लिख रहे कोरोना वारियर्स के सम्मान में आज भारतीय वायु सेना देश के कई हिस्सों में फूलों की बारिश की. वायु सेना के विमान और हेलिकॉप्टर फूलों की.पटना से सटे बिहटा वायु सेना के जवान और अधिकारियों द्वारा एम आई 17 हेलिकॉप्टर से पटना के अस्पतालों एम्स आईजीआईएमएस और एनएमसीएच अस्पताल पर आसमान से फूलों की बारिश की. पटना एम्स के निदेशक समेत सारे एचओडी और सीनियर डॉक्टर सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन कर ओपीडी के सामने खड़े है और वहीं पर हेलीकॉप्टर से उनके ऊपर फूलों की बारिश कर रही है.

देश में महामारी का मुकाबला कर रहे हैं कोरोना वॉरियर्स के सम्मान में आज भारतीय वायु सेना फूलों की बारिश की. भारतीय वायु सेना की तरफ से देशभर के उन अस्पतालों और प्रमुख स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई जहां लगातार कोरोना महामारी से निपटने के लिए हमारे डॉक्टर्स और प्रशासनिक अधिकारी दिन रात मेहनत कर रहे हैं.


NEWS TODAY Update
www.newstodayupdate.in
युवराज न्यूज़ टुडे आपकी आवाज
Yuvaraj Media & Entertainment
RNI:- BIHHIN05409

News Today Digital Paper Tarrif

Back Page Full : 27.94 X 43.18 cm = 55000.00
Back Page Half : 13.97 X 21.59 cm = 30000.00
Back Page Quarter : 06.98 X 10.79 cm = 20000.00
Complimentery Ad : 04.00 X 06.00 cm = 5000.00
Inner Page 25% less of all Tarrif

Portal Tarrif

| PARTICILAR | DAILY (MIN. 15 DAYS) | MONTHLY | YEARLY |
|---|---|---|---|
| HEADER : | 2000 | 50,000 | 5,00,000 |
| UNDER NEWS : | 1000 | 25,000 | 2,50,000 |
| SIDE, MIDDLE & OTH : | 1500 | 35,000 | 3,50,000 |

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830


## पकड़ीदयाल प्रखंड के पीडीएस डीलर गए हड़ताल पर, लाभुक परेशान



अफजल आलम
न्यूज टुडे,




मोतिहारी जिले के पकड़ीदयाल प्रखंड के पीडीएस डीलर हड़ताल पर चले गए हैं, जिस कारण जरूरतमंद लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पकड़ी दयाल प्रखंड के जनवितरण प्रणाली विक्रेता संघ के अध्यक्ष चंद्रिका राय ने बताया कि उनलोगों ने आठ सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल किया है.

चंद्रिका राय ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए सरकार लगातार दिशानिर्देश जारी कर रही है. इसी क्रम में लाभुकों को अंगूठे के निशान पर राशन देने का सरकार ने आदेश जारी किया है. जिससे सभी पीडीएस डीलर डरे हुए हैं. उन्होंने कहा कि इससे हमें नुकसान हो सकता है. बता दें कि कोरोना संक्रमण को लेकर हुए लॉकडाउन के कारण सरकार ने सभी राशन कार्डधारियों को मुफ्त अनाज देने का आदेश दिया है. इसी से नाराज पीडीएस दुकानदारों ने हड़ताल पर जाने का फैसला लिया.

बता दें कि कोरोना संकट के दौरान जरुरतमंद लोगों को अनाज बांटने की जिम्मेदारी जिन पीडीएस डीलरों के ऊपर है, वही डीलर अब अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं. जिले के पकड़ीदयाल प्रखंड के जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने अपने–अपने दुकानों में तालाबंदी कर हड़ताल कर दी है. प्रखंड के डीलरों ने अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर एसडीओ को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा.

## कोरोना से जंग में अपनी जान को जोखिम में डालकर चौबीस घंटे नागरिकों की सुरक्षा में तैनात कोरोना वैरियरयर्स हुए सम्मानित



संतोष राऊत न्यूज टुडे,




पताही प्रखंड में कोरोना महामारी से जंग में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस, डाक्टर जन प्रतिनिधियों का मनोबल बढ़ाने का काम समाज के हर तबके द्वारा किया जा रहा है। कहीं उनपर पुष्प वर्षा की जाती है तो कहीं उनको सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में प्रखंड के कोरोना कर्मयोगियों को पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि रंजन सिंह उर्फ चुन्नू सिंह एवं ग्रामीणों द्वारा अंग–वस्त्र, फूल माला व फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

गांव के लोगों द्वारा कोरोना से जंग में अपनी जान को जोखिम में डालकर चौबीस घंटे नागरिकों की सुरक्षा में तैनात उनके कार्यस्थल पर जाकर सम्मानित किया गया। थाना अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद, सीओ रोहित कुमार, डाक्टर मुखिया कृष्ण मोहन कुमार जन वितरण प्रणाली दुकानदार ललन द्विवेदी, चौकीदार, नर्स एवं सिपाही को उनके अंग वस्त्र, फूलों की माला वं फूलों का गुलदस्ता पानी, नास्ते का पेकेट देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सरपंच रामनिवास दुवे, मनोज सिंह, चुमन सिंह, ओकील साह, शेषनाथ प्रसाद, मुरारी कुमार, राहुल कुमार, बिटु कुमार, सुजीत पाण्डेय के साथ काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## वैश्विक महामारी कोरोना में आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे चम्पारण के गरीब छात्रों के लिए संकटमोचक बना ब्रावो फाउंडेशन, दो सौ छात्रों के मकान या लॉज मालिको के खाते में भेजा किराया



सम्राट, संवाददाता




ब्रावो फार्मा के चेयरमैन एवम ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक राकेश पांडेय ने पिछले दिनों लंदन से सोसल मीडिया के माध्यम से चम्पारण के विभिन्न क्षेत्रों से आकर मोतिहारी शहर में लॉज या मकानों में रेंट से रहने वाले गरीब छात्रों को जो लॉक डाउन में फँस गए थे और उनको रेंट देने में परेशानी हो रही थीं उनको मदद करने का वादा किया था जिसे शनिवार को पूरा कर दिया।

श्री पांडेय ने बताया कि शनिवार को दो सौ छात्रों के मकान या लॉज मालिको के खाते में पैसे डाल दिया गया है जिसे छात्रों ने लिंक के द्वारा अवगत कराया था।

श्री पांडेय ने उन तमाम लॉज एवम मकान मालिकों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस विपदा की घड़ी में छात्र हित में रूम रेंट माफ कर दिया है।

श्री पांडेय के इस प्रकार के मदद से गरीब छात्रों में हर्ष का माहौल है एवम सभी छात्र श्री पांडेय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कह रहे हैं कि इस विपदा के समय आप मशीहा से कम नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मैं एक चम्पारणवासी होने के नाते अपने मिट्टी का कर्ज अदा कर रहा हूँ जो मुझे काफी अच्छा लग रहा है कि मै अपनो का दुख दर्द बाटने में थोड़ा अपने तरफ से सहयोग कर पा रहा हूँ।


रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272



Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830